तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शुक्रवार 17 अप्रैल 2026



12 आबादी को देखते हुए दमकल विभाग के पास नहीं पर्याप्त गाड़ियां





12 सरकारी एजेंसियों द्वारा गेहूं खरीद और उठान का कार्य जारी





Affiliation No. 530414
School Code 40402

।। ओ३म् ।।

Mob. 9729606705, 9729642632

# Indus Public School, Jind

Creating Toppers, Building Futures

## MERITORIOUS STUDENTS OF CLASS 10th (SESSION 2025-26)

Ipshita (98.8%) District Topper
Aanvi (98.6%) 2nd Rank in District
Manvi (98.4%) 3rd Rank in District
Devanshi (98.2%) 4th Rank in District
Aaradhya (98%) 5th Rank in District





Subjectwise Highest

| | |
|---|---|
| Science | 100 |
| S.St. | 100 |
| Hindi | 100 |
| IT | 100 |
| English | 99 |
| Maths | 98 |

See the Next District Topper in You

Limited Seats
ADMISSIONS
-IN-PROGRESS

Khushi (97.8%) 6th Rank in District
Ishika (97.8%) 7th Rank in District
Aksh (97.8%) 8th Rank in District
Vidhi (97.6%) 9th Rank in District
Tripti (97.6%) 10th Rank in District

Avni (97.4%), Sparsh (97.2%), Vartika (97%), Avisha (96.8%), Purva (96.8%), Kavya (96.8%), Amisha (96.6%), Ishaan (96.6%), Akshita (96.6%), Akshat (96.4%), Aryan (96.4%), Anshul (96.2%)

Raunak (96.2%), Harshit (96.2%), Himanshu (96.2%), Rhythm (96%), Bhumika (95.8%), Nidhi (95.8%), Viraj (95.6%), Anvi (95.6%), Hiral (95.6%), Vanshika (95.6%), Vijul (95.6%), Keshav (95.4%)

Shreya (95.4%), Jai Garg (95.2%), Disha (95.2%), Vaibhavi (95%), Harshika (95%), Shubham (95%), Saksham(95%), Yogita (95%), Lakshay (94.4%), Chavi (94.4%), Nitya (94.2%), Shubham (94.2%)

Abhinav (94.2%), Hitesh(94.2%), Aadya (94.2%), Chahak (93.8%), Tamanna (93.8%), Vansh (93.8%), Purnima (93.8%), Anjali (93.6%), Diksha (93.6%), Divyanka (93.6%), Arnav (93.6%), Abhay (93.4%)

Anjali (93.2%), Lakshay (93.2%), Naitik (93.2%), Hiteshi (93%), Diksha (93%), Yuvika (93%), Tej Kiran (92.8%), Tanya (92.8%), Aayush (92.8%), Dheeraj (92.8%), Yash (92.6%), Aarzoo (92.6%)

Pearl (92.4%), Aryan (92.4%), Angel (92.4%), Shivam (92.2%), Nihal (92.2%), Kamya (92.2%), Vansh (92.2%), Shourya (92%), Radhika (92%), Abhijeet (91.8%), Kunal (91.6%), Pihu (91.6%)

Lavnish (91.6%), Ronak (91.4%), Vishesh (91.4%), Anjali (91.4%), Vedant (91.4%), Boudhik (91.2%), Prachi (91.2%), Digvijay (91.2%), Aarnav (91.2%), Jayant (91%), Mehak (90.8%), Chaitnya (90.8%)

Shivam (90.6%), Keshav (90.6%), Dev (90.4%), Harsh (90.4%), Guneet (90.2%), Yogesh (90.2%), Shruti (90.2%), Harshit (90%), Sunaina (90%), Harsh (90%), Bhuwan (90%), Nishu (90%)

Naman (90%), Vinay (90%), Sanchit (90%), Anant (90%), Hitesh (90%)

Congratulations! Parents, Staff and Students for Commendable performance.

| Above 95% | Above 90% | Above 80% | Above 75% |
|---|---|---|---|
| 42 | 111 | 215 | 251 |

Attractive Scholarship Scheme available for students scoring above 90% marks in Class 10th

## खबर संक्षेप

### बांस के गोदाम से नकदी व मोबाइल चोरी, मामला दर्ज

**जींद।** आरा रोड पर चोरों ने बांस के गोदाम से 25 हजार रुपये की नगदी तथा मोबाइल फोन को चोरी कर लिया। शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज किया है। शर्मा नगर निवासी रवि कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि आरा रोड पर उसका बांस का गोदाम है। गत दिवस शाम को गोदाम से 25 हजार रुपये की नगदी तथा मोबाइल फोन गायब हो गया।

### चुनाव में प्रधान पद के लिए तीन ने लिया नामांकन वापस

**जींद।** एसडी स्कूल प्रबंधक समिति के चुनाव में नामांकन वापसी के दिन प्रधान पद के लिए अब पांच लोग चुनावी दंगल में रह गए हैं। तीन लोगों ने अपना नामांकन वापस लेने का निर्णय लिया। चुनाव अधिकारी राजेश गोयत व उप चुनाव अधिकारी संदीप लाठर व देव राज मलिक ने बताया कि प्रधान पद के लिए आठ उम्मीदवारों ने नामांकन किया था। वीरवार को तीन ने नामांकन वापस ले लिया है।

### दो किसानों की तीन भैंस व कटड़ी चोरी, केस दर्ज

**जींद।** गांव सरनाखेड़ी में बीती रात पशु चोरों ने दो किसानों की तीन भैंस तथा एक कटड़ी को चोरी कर लिया। सदर थाना सफीदों पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव सरनाखेड़ी निवासी जयभगवान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने मकान के साथ पशुबाड़ा बनाया हुआ है।

### डिप्टी स्पीकर आज लेंगे अधिकारियों की बैठक

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा 17 अप्रैल को अधिकारियों की बैठक लेकर जींद विधानसभा क्षेत्र में होने वाले विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। डिप्टी स्पीकर शुक्रवार को दोपहर बाद एक बजे लघु सचिवालय के सभागार में होने वाली बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

### हनुमान मंदिर धर्मशाला में रक्तदान शिविर आज

**उचाना।** जीतगर फाउंडेशन की तरफ से शहीदों की याद में लितानी रोड स्थित हनुमान मंदिर धर्मशाला में रक्तदान शिविर आयोजित किया। मुख्य अतिथि के तौर पर थाना प्रभारी दिलबाग सिंह, शिवानिया पब्लिक स्कूल प्रिंसिपल प्रोमिला मलिक पहुंची। 46 यूनिट रक्तदान शिविर में हुआ। प्रधान सुनील तोमर ने बताया कि फाउडेशन निरंतर सामाजिक कार्यों करने में अग्रणी रहती है।

### सीजेएम ने किया महिला वृद्ध आश्रम का निरीक्षण

**जींद।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जींद पूनम सुनेजा के निर्देश अनुसार मुख्य न्यायाधीश दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मोनिका ने गुरूवार को जनसेवा संस्थान महिला वृद्ध आश्रम रोहतक रोड जींद का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर आश्रम में 70 महिलाएं उपस्थित थी। प्राधिकरण सचिव ने जन सेवा संस्थान में रह रही महिलाओं को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी और आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया जन सेवा संस्थान के निरीक्षण के दौरान महिलाओं से बातचीत भी की तथा उनके खाने.पीने रहने रहने के बारे में विस्तार से जानकारी ली।

### कार ने मारी टक्कर बाइक सवार घायल

**जींद।** गांव भिड़ताना के निकट नेशनल हाईवे 352ए पर तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल हो गया। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर फरार कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव ढाठरथ निवासी दलजीत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बाइक पर सवार होकर नेशनल हाईवे 352ए से जा रहा था।

---

## पहले नौ बजे से तीन बजे तक खुला रहता था अस्पताल

# ओपीडी का समय बदला, अब सुबह आठ से दो बजे तक होगा इलाज

***मौसम में बदलाव से बढ़ी मरीजों की संख्या, लग रही मरीजों की लंबी लाइनें***

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद


**जींद।** नागरकि अस्पताल में लगी लाइन।

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल व उपमंडल नागरिक अस्पतालों में ओपीडी का समय बदल जाएगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा अस्पतालों में सुबह 8 बजे से ओपीडी की शुरूआत होगी और दो बजे तक चिकित्सक अपने कमरों में बैठ कर मरीजों की जांच करेंगे।

जबकि सर्दियों में अस्पताल नौ बजे से तीन बजे तक खुला रहता था। गर्मियों को देखते हुए अब एक घंटा पहले ओपीडी की शुरूआत की जाएगी वह एक घंटा पहले छुट्टी होगी। ओपीडी के अलावा दवा लेने और टेस्ट कराने के समय में भी परिवर्तन हो गया है।

वहीं दूसरी ओर गर्मी बढ़ते ही अस्पताल में मरीजों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। बदलते मौसम की वजह से बुखार, जुखाम, खांसी एवं अन्य बीमारियों से पीड़ित लोग अस्पताल पहुंच रहे हैं।

### आठ से दोपहर दो बजे तक खुलेगा अस्पताल

जिला नागरिक अस्पताल व उपमंडल नागरिक अस्पताल में चेकअप के लिए ओपीडी पर्ची बनवाने का समय प्रातः 8 बजे से दोपहर दो बजे तक होगा। इसी तरह ओपीडी में दवा के लिए खुलने वाली खिड़की का समय प्रातः 8 बजे से दोपहर दो बजे किया गया है। वहीं अस्पताल में होने वाले विभिन्न तरह की टेस्ट के लिए लैब में सैंपल का समय भी सुबह आठ बजे से 11 बजे तक हरेगा। जबकि सर्दियों में पहले सुबह नौ से 12 बजे तक सैंपल लिए जाते थे और फिर दो बजे तक सैंपल रिपोर्ट दी जाती थी। अब आगामी 16 अक्टूबर तक नागरिक अस्पताल की ओपीडी, टेस्ट एवं दवा लेने का समय अब यही रहेगा। वहीं खून टेस्ट, एक्स-रे सहित अन्य जांचें आठ से 11 बजे तक की जाएंगी। उसके बाद से लेकर 2 बजे तक रिपोर्ट मिलेगी।

### मौसम में बदलाव से बढ़ी मरीजों की संख्या

इस समय भीषण गर्मी का मौसम है। मौसम बदलाव से सर्दी, खांसी, बुखार, वायरल के मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल की बात की जाए तो यहां प्रतिदिन 200 से 250 मरीज ऐसे पहुंच रहे हैं जिन्हें या तो बुखार है या फिर सर्दी या खांसी है।

### सुबह आठ बजे खुलेगा नागरिक अस्पताल : डॉ. भोला

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि अस्पताल ओपीडी का समय बदल गया है। जिला अस्पताल व उपमंडल अस्पतालों में ओपीडी सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक की जाएगी। इसके लिए सभी चिकित्सकों को आदेश जारी कर दिए गए हैं।

---

# जिला परिवहन विभाग ने जांची स्कूल बसें

## दो बसों में कैमरा, इंश्योरेंस व फायर सिलेंडरों की कमी मिलने पर छह हजार जुर्माना लगाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद


**जींद।** स्कूली बसों की जांच करते हुए अधिकारी।

जिला परिवहन विभाग द्वारा गुरूवार को को स्कूली बसों की जांच का अभियान चलाया गया। इस दौरान पांच स्कूलों में 11 बसों की जांच की गई। इसमें से दो बसों में कैमरा, इंश्योरेंस व फायर सिलिंडरों की कमी पाए जाने छह हजार रुपये का चलान किया गया। जबकि इससे पिछले सप्ताह में चार स्कूलों की 18 बसों की जांच हुई थी। जिसमें से तीन बसों में फायर सिलिंडर, फस्ट एड बाक्स व सीसीटीवी कैमरा नहीं मिलने पर अढाई हजार रुपये का चालान किया गया था।

गौरतलब है कि सप्ताह में हर गुरूवार को जिला परिवहन विभाग की टीम स्कूली बसों की जांच को लेकर अभियान चलाती है। जांच के लिए चार सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। जिसमें जिला परिवहन विभाग कार्यालय से इंस्पेक्टर, एमवीआइ, ट्रैफिक पुलिस से सब इंस्पेक्टर व जिला शिक्षा अधिकारी से एक प्रतिनिधि को शामिल किया जाता है। जांच के दौरान बसों में सुरक्षा मानकों की जांच की जाती है। जिसमें रिफ्लेक्टर, फायर सिलिंडर, सहित चालक व परिचालकों के लाइसेंस की जांच की जाती है। जिले में 350 से ज्यादा प्राइवेट स्कूल हैं। इसमें एक लाख से अधिक विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।

### जारी रहेगा बसों की जांच का विशेष अभियान

जिला परिवहन विभाग के निरीक्षक बलजीत सिंह ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य स्कूली बसों की जांच कर विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित परिवहन सुविधा मुहैया करवाना है। स्कूली बसों की जांच के लिए हर गुरूवार को अभियान चलाया जाता है। जांच के दौरान जो-जो कमियां पाई जाती हैंए उस आधार पर बसों का चालान किया जाता है। यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

### नाबालिग से दुष्कर्म करने का आरोपित काबू

**जींद।** महिला थाना पुलिस ने घर में घुस कर नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। सदर थाना इलाका गांव की एक महिला ने गत 13 अप्रैल को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि गत दिवस वह परिवार समेत बाहर गई हुई थी। घर में उसकी 16 वर्षीय बेटी अकेली थी। दोपहर को पड़ोसी राजेश घर में घुस आया और उसकी बेटी के साथ दुष्कर्म किया। आरोपित ने उसकी बेटी की अशील वीडियो भी बना ली। घटना के बारे में किसी को बताने पर उसे वायरल करने की धमकी दी। महिला थाना पुलिस ने आरोपित राजेश के खिलाफ दुष्कर्म करने, ब्लैकमेल करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय सहिता के तहत मामला दर्ज किया था।

## न्यूज डायरी

### वैशाख अमावस्या पितृ तर्पण के लिए फलदायी

**जींद।** वैशाख अमावस्या हिंदू धर्म में पितरों की प्रसन्नता और आत्मिक शांति के लिए अत्यंत फलदायी मानी जाती है। शास्त्रों के अनुसार इस दिन पवित्र नदियों में स्नान करने और पितरों के निमित्त तर्पण करने से घर में सुख वशांति आती है। ऐसे में शुक्रवार को वैशाख अमावस्या पर श्रद्धालु सरोवर में स्नान व पिंडदान करके तर्पण करेंगे। वहीं तीर्थ पर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिसकर्मियों की भी ड्यूटी लगाई जाएगी। इसके अलावा यहां मेला भी लगेगा। पिंडतारक तीर्थ के संबंध में किवदंती है कि महाभारत युद्ध के बाद पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पांडवों ने यहां 12 वर्ष तक सोमवती अमावस्या की प्रतीक्षा में तपस्या की थी। तभी से यह माना जाता है कि पांडू पिंडारा स्थित पिंडतारक तीर्थ पर पिंडदान करने से पूर्वजों को मोक्ष मिल जाता है। जयंती देवी मंदिर के पुजारी पंडित नवीन कुमार शास्त्री ने कहा कि अमावस्या के दिन किया गया पूजन न केवल मानसिक सुकून देता है।

### अक्षय तृतीया पर शादियों पर रहेगी विशेष नजर



**जींद।** जिला में किसी भी सूरत में बाल विवाह न होने पाए, इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। हालांकि पिछले पांच वर्षों की बात की जाए तो लगातार बाल विवाह के मामलों में कमी आई है। बावजूद इसके जिला महिला संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी कार्यालय टीम किसी भी स्तर पर कोर कसर छोडना नही चाह रही है। इस बार 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया (अखा तीज) है और जिलाभर में विवाह समारोहों की धूम रहेगी और युवा भी खूब विवाह बंधन में बंधेंगे। ऐसे में अक्षय तृतीया पर होने वाले सामूहिक विवाह की आड़ में कुछ बाल विवाह भी हो सकते हैं। जिसके चलते जिला महिला संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी कार्यालय टीम की विशेष नजर रहेगी।

### पहले चरण में नागरिक स्वयं करें अपनी जनगणना

**जींद।** सफीदों के एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने बताया कि आगामी जनगणना 2027 के पहले चरण में नागरिक स्वयं भी अपनी जनगणना कर सकते हैं। यह सुविधा 30 अप्रैल तक चलेगी। जिसके तहत आमजन ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपने परिवार का विवरण भर सकेंगे। एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने बताया कि यह पोर्टल घर-घर जाकर जनगणना शुरू होने से पहले आगामी 30 अप्रैल तक खुला रहेगा। इस दौरान नागरिक अपने मोबाइल नंबर से लॉग इन कर निर्धारित 33 प्रश्नों के उत्तर भर सकते हैं। पूरी प्रक्रिया 15 से 20 मिनट में पूरी हो जाती है। एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने बताया कि जानकारी सफलतापूर्वक जमा करने के बाद नागरिकों को 11 अंकों की एक यूनिक स्वगणना आईडी प्राप्त होगी। जब जनगणना अधिकारी सत्यापन के लिए घर आएंगे तो केवल यह आईडी सांझा करनी होगी। जिससे पूरी प्रक्रिया तेज और सरल हो जाएगी। एसडीएम ने बताया कि यह सुविधा पहली बार लागू की जा रही है।

### शिकायतों के शीघ्र समाधान के दिए निर्देश

**जींद।** समाधान शिविर में वीरवार को जुलाना के एसडीएम होशियार सिंह ने आमजन की समस्याएं सुनीं। शिविर में प्राप्त सभी शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए उन्हें संबंधित विभागों को सौंपकर नियम अनुसार कार्रवाई कर शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि समाधान शिविर और सीएम विंडो पर आने वाली शिकायतों का समयबद्ध समाधान करना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने उपमंडल के सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए नियमानुसार कार्रवाई कर उनका जल्द निपटारा सुनिश्चित करें। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार लगाए जा रहे समाधान शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। सरकार द्वारा इन शिविरों के माध्यम से आमजन की रोजमर्रा से जुड़ी समस्याओं का समाधान करने की अनूठी पहल की गई है ताकि लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए भटकना न पड़े।

### शत-प्रतिशत रहा चाणक्य स्कूल का परीक्षा परिणाम

**उचाना।** चाणक्य इंटरनेशनल स्कूल कसूहन का 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। प्राचार्या रितु अत्री ने बताया कि छात्रा कोमल ने 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वृंदा और वरिष्ठा ने 93.2 प्रतिशत, खुशी ने 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय की चार छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। 30 विद्यार्थी ने परीक्षा दी। 18 विद्यार्थियों ने मेरिट सूचीए 23 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में स्थान प्राप्त किया। सीबीएसई का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। शिवानिया पब्लिक स्कूल उचाना का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। छात्रा गायत्री पुत्री महताब सिंह ने 96 प्रतिशत अंकों के साथ उचाना ब्लॉक एवं विद्यालय में पहला स्थान प्राप्त किया। विनायक पुत्र गोपाल ने 94 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रिद्धि पुत्री प्रवीण एवं काम्या पुत्री राकेश ने तीसरा एवं चौथा स्थान प्राप्त किया।

---

## मजदूरों के पक्ष में उतरे कई संगठन




हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

मानेसर ओर नोएडा में मजदूर आंदोलन पर पुलसिया दमन के खिलाफ 55 मजदूरों की बिना शर्त रिहाई के लिए वीरवार को सीटू ए सर्व कर्मचारी संघ, जनसंघर्ष मंच, रिटायर्ड कर्मचारी संघ ने सड़कों पर उतर कर प्रदर्शन किया। इसकी अध्यक्षता सीटू के जिला प्रधान रमेश चंद्र, सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान संजीव ढांडा, जन संघर्ष मंच के सतबीर सिंह, रिटायर्ड कर्मचारी संघ के जिला प्रधान विक्रम सिंह ने संयुक्त रूप से की और संचालन सीटू जिला उपाध्यक्ष कपूर सिंह ने किया। प्रदर्शन के बाद सदस्यों ने तहसीलदार के माध्यम से सीएम और श्रम मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए सर्व कर्मचारी संघ के मंदीप नेहराए संदीप गिलए सीटू के संदीप जाजवानए जन संघर्ष मंच के सुधीर शास्त्रीख रिटायर्ड कर्मचारी संघ के राजकुमार श्योकंद ने कहा कि कारखानों में काम करने वाले मजदूरों को आज भयंकर शोषण किया जा रहा है।

## डीसी ने पोर्टल पर स्वगणना कर की डिजिटल जनगणना अभियान की जिले में शुरुआत

- 30 अप्रैल तक नागरिक पोर्टल पर स्वयं भर सकते हैं जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद


**जींद।** स्वगणना कर की डिजिटल जनगणना की शुरूआत करते डीएसी।

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे हमारी जनगणना, हमारा विकास जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अभियान के तहत आधिकारिक नागरिक पोर्टल पर स्वगणना कर जिला में विधिवत शुरुआत की। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा संचालित अभियान का उद्देश्य नागरिकों को अपनी व्यक्तिगत एवं पारिवारिक जानकारी स्वयं ऑनलाइन दर्ज करने की सुविधा प्रदान करना है। जिससे सरकारी आंकड़ों की सटीकता और पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। स्वगणना प्रक्रिया 16 से 30 अप्रैल तक संचालित की जा रही है। इस दौरान नागरिक आधिकारिक पोर्टल पर जाकर अपना पंजीकरण कर सकते हैं और अपनी जानकारी स्वयं भर सकते हैं। डीसी ने कहा कि यह पहल जनगणना को अधिक सरलए पारदर्शी और सटीक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे इस सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और समय रहते अपनी जानकारी दर्ज करें। उन्होंने कहा कि स्वगणना प्रक्रिया अपनाने से नागरिकों को कई प्रकार के लाभ मिलते हैं। इससे एक ओर जहां नागरिकों के समय की बचत होती हैए वहीं दूसरी ओर वे अपनी जानकारी को स्वयं सत्यापित कर अधिक सटीक रूप में प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके अलावा पोर्टल पर दर्ज की गई जानकारी पूरी तरह सुरक्षित रहती है और गोपनीयता का विशेष ध्यान रखा जाता है।

## केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार शोषित व वंचितों के अधिकारों की कर रही रक्षा : डॉ. भारत भूषण टाक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद


**जींद।** कार्यक्रम में भाग लेते हुए।

भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती अत्यंत हर्षोल्लास, श्रद्धा और गरिमामय वातावरण में गांव बीबीपुर विधानसभा जुलाना में भारतीय जनता पार्टी द्वारा 13 अप्रैल से 19 अप्रैल तक चलने वाले कार्यक्रम की श्रृंखला में जिला अनुसूचित मोर्चा की ओर से बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण और स्वच्छता अभियान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री डा. भारत भूषण टाक ने मुख्यअतिथि रूप में शिरकत की और कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेश कुमार जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा ने की। गांव के गणमान्य नागरिक, समाजसेवी तथा विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल बाबा साहेब के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करना था बल्कि उनके बताए आदर्शों को आत्मसात कर एक समतामूलक और सशक्त समाज के निर्माण का संकल्प लेना भी था। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात उपस्थित अतिथियों और नागरिकों ने बाबा साहब के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान पूरा परिसर बाबा साहब अमर रहे के उद्घोष से गूंज उठा। जिससे माहौल पूरी तरह प्रेरणादायक और ऊर्जावान बन गया।

### बाबा साहेब के जीवन पर डाला प्रकाश

डॉ. भारत भूषण टाक ने बाबा साहेब के जीवन संघर्ष, उनके विचारों और राष्ट्र निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डा. अंबेडकर ने अपने जीवन में अनेक कठिनाइयों का सामना करते हुए शिक्षाख समानता और न्याय के मूल्यों को स्थापित किया। आज भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी बाबा साहब के दिए हुए संविधान को साक्षी मानकर सरकारें चला रहे हैं और बाबा साहब के विचारों को आगे बढ़ते हुए सामाजिक समरसता, शोषित और वंचितों के लिए अनेक योजनाओं का प्रावधान हर बार बजट में कर रहे हैं।

### डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

**जींद।** डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल का 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत और शानदार रहा। डीएवी प्राचार्य डा. नीरज कुमार ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए शिक्षा परिणाम के विषय में बताया कि गिन्नी ने 97.8 प्रतिशत देवर्ष ने 97.4, प्राची ने 97.4, अंश ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं विद्यालय के अधिकतर छात्रों को मेरिट प्राप्त हुई है। जो कि एक बड़ी उपलब्धि है। सभी बच्चों ने अच्छे अंक प्राप्त कर विद्यालय की उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा को आगे बढ़ाया। दसवीं कक्षा में 49 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक व 114 बच्चों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक व 178 बच्चों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर अपना दमखम दिखाया।

## भाकियू ने फूंका डिप्टी स्पीकर का पुतला


**जींद।** धरना देते हुए भाकियू पदाधिकारी।

**जींद।** नए फसल खरीद नियम के विरोध में भारतीय किसान यूनियन का धरना गुरूवार को नौवें दिन भी जारी रहा। भाकियू पदाधिकारियों ने डिप्टी स्पीकर का पुतला फूंक कर कर रोष प्रकट किया। भाकियू जिला प्रधान बिंद्र नंबरदार, प्रदेश उपाध्यक्ष उमेद सिंह रेढू, जिला प्रेस प्रवक्ता रामराजी ढुल पोंकरीखेड़ी ने कहा कि जब तक सरकार का यह तुगलकी फरमान वापस नही होता, जब तक हर रोज एक मंत्री या विधायक का पुतला दहन किया जाएगा। ऐसे में भाकियू का ऐलान है कि जल्द से जल्द सरकार फसल खरीद के नए नियमों को वापस लें। अगर जल्द ही यह नियम वापस नहीं लिए गए तो 19 अप्रैल को मार्केट कमेटी कार्यालय के सामने चल रहे भाकियू के धरने पर बड़ा फैसला लिया जाएगा। जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी। उन्होंने कहा कि बेमौसमी बारिश व ओलावृष्टि की मार से प्रदेश के किसानों को नुकसान हुआ है, जिसकी भरपाई के लिए किसानों को मुआवजा राशि देनी चाहिए।

## उचाना कलां के जलघर 2 में 45 लाख से बनेंगे नए क्लीयर वाटर स्टोरेज टैंक

# गर्मी के मौसम में नहीं होगी पानी की किल्लत

- अब तीनों टैंकों में 18 लाख लीटर पानी होगा स्टोर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| उचाना


**उचाना।** उचाना कलां जलघर 2 में बन कर तैयार हुए टैंक।

उचाना कलां, उचाना शहर के लोगों के लिए अच्छी खबर है कि अब गर्मी के मौसम में उन्हें पीने के पानी की किसी तरह से परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। उचाना कलां के भौंगरा रोड पर जो जनस्वास्थ्य विभाग का जलघर है वहां पर 45 लाख रुपये की राशि खर्च करके दो क्लीयर वाटर (साफ पानी) टैंक बनाए गए हैं। यहां पर पहले एक टैंक था, जिसमें पानी फिल्टर होकर स्टोर किया जाता था। पहले जो टैंक था उसमें 5.5 लाख लीटर पानी स्टोर होता था। अब दो नए टैंक बने हैं उनमें 12.5 लाख लीटर पानी स्टोर होगा। यहां पर 18 लाख लीटर पानी एक नहीं बल्कि तीन टैंकों में फिल्टर होकर पानी जो क्लीयर वाटर टैंक बने है उनमें स्टोर होगा। इस सप्ताह टैंकों का कार्य पूरा हो जाएगा। टैंक में जो पानी रजबाहा से आएगा वो पाइप लाइन जलघर के अंदर जोड़ने का कार्य चल रहा है।

### उचाना में नए टैंकों से होगा पानी का संकट दूर

उचाना निवासी सुरेश, रामनिवास, बलवान, राजबीर ने गुरूवार को कहा कि उचाना कलां के जलघर 2 में पहले एक टैंक था। यहां पर पानी फिल्टर होकर एक ही टैंक में स्टोर होता था। अब दो नए टैंक बनने से यहां पर पानी स्टोर तीन टैंकों में होगा। ऐसे में गर्मी के मौसम में जो पीने के पानी की सप्लाई नहीं आने से परेशानी रहती थी वो इस बार दूर होगी। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री से ये मांग की थी जिस पर अब काम पूरा हो गया है। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने कहा कि हर घर स्वच्छ जल पहुंचे ये सरकार की प्राथमिकता है। उचाना कलां के जलघर 2 में पहले एक टैंक था। अब दो टैंक नए बन गए है। यहां पर पानी फिल्टर होकर स्टोर होगा। जो क्षमता है वो तीन गुणा बढ़ कर 18 लाख लीटर पानी की हो जाएगी। अब धीरे-धीरे जो-जो समस्याएं उचाना में थी वो समाप्त होने लगी है। विकसित उचाना का सपना पूरा करेंगे जो वायदे किए हैं उचाना हलके के लोगों से वो पूरे करेंगे।

## खबर संक्षेप



### अस्पताल में मरीजों व सहायकों को बांटा खाना

**कैथल।** आदिकवि दिनाभाना डॉ. बी.आर. आंबेड़कर वैलफेयर सोसाईटी द्वारा जिला नागरिक अस्पताल कैथल में रोजाना लगभग तीन साल से सभी दाखिल मरीजों को सुबह दूध-खिचड़ी, खीर, ब्रेड, फल आदि फ्री दिया जा रहा है। यह सेवा कैथल के सभी सम्मानित शहरवासियों, दुकानदारों और आम नागरिकों के सहयोग द्वारा लगभग तीन साल से लगातार चल रही है।

### तितरम में शुरू हुए कुश्ती के लिए ट्रायल

**कैथल।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय तितरम में क्षेत्रीय स्तर की कुश्ती चयन ट्रायल का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न नवोदय विद्यालयों के 73 प्रतिभागियों ने भाग लिया। यह ट्रायल 18 अप्रैल तक आयोजित हांगे। चयनित खिलाड़ी राज्य व राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे और अपने विद्यालय का नाम रोशन करेंगे। विद्यालय के प्राचार्य उमेश कुमार भारद्वाज ने सभी खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं दीं।

### अभियान के तहत छात्रों को दी जा रही ट्रेनिंग

**कैथल।** डीएसपी सुशील प्रकाश के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा विभिन्न स्कूलों में विद्यार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि एचसी विकास कुमार व महिला एसपीओ अशोक कुमारी द्वारा स्कूलों में जाकर विद्यार्थियों को कानून की जानकारी, अनुशासन, सामाजिक जिम्मेदारी तथा पुलिस कार्यप्रणाली से अवगत कराया जा रहा है।

### एसडीएम ने जानी गेहूं उठान संबंधी परेशानी

**कलायत।** कलायत एसडीएम अजय हुड्डा की अध्यक्षता में उप मंडल कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में सचिव नगरपालिका, सभी संबंधित एजेंसियों के प्रतिनिधि, जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक कैथल उपस्थित रहे। बैठक में उपमण्डल क्षेत्र में गेहूं के कट्टों के धीमे उठान (लिफ्टिंग) एवं कार्य व्यवस्था में आ रही समस्याओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। एसडीएम अजय हुड्डा द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि गेहूं के उठान कार्य में तेजी लाई जाए।

### विकास कार्य ठप होने नाराजगी, 10 मिनट दिया धरना

# गुहला-चीका में नपा कार्यालय पर पार्षदों ने जड़ दिया ताला





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

शहर में लंबे समय से रुके विकास कार्यों को लेकर नाराज पार्षदों ने वीरवार को नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ खुलकर विरोध दर्ज कराया। दोपहर करीब 1 बजे कई पार्षदों और उनके प्रतिनिधियों ने नगर पालिका कार्यालय के मुख्य गेट पर ताला जड़ दिया और वहीं सांकेतिक धरने पर बैठ गए। हालांकि करीब 10 मिनट बाद उन्होंने ताला खोल दिया, लेकिन इस दौरान प्रशासन के खिलाफ जमकर नाराजगी जाहिर की गई।

धरने में पार्षद सुखबीर उर्फ काला पहलवान, हरीश बब्बू, राजेश ठाकुर, पार्षद प्रतिनिधि ईश्वर रिंपी, विजय गोयल, संभालू जिंदल और प्रमोद सहित शहर के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए।

पार्षदों ने आरोप लगाया कि शहर में विकास कार्यों में भेदभाव किया जा रहा है और कई जरूरी काम लंबे समय से अधूरे पड़े हैं। उनका कहना था कि बजट बैठक में पार्षदों द्वारा दिए गए विकास कार्यों के प्रस्तावों को भी लागू नहीं किया गया, जिससे जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

#### सफाई व्यवस्था पर भी उठे सवाल

विरोध कर रहे पार्षदों ने बताया कि पिछले करीब 10 महीनों से कच्चे सफाई कर्मियों का टेंडर खत्म पड़ा है, जिसके चलते शहर की सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है। जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हैं, लेकिन प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा।

#### चेयरमैन पर लगाए गंभीर आरोप

पार्षदों ने नगर पालिका चेयरमैन रेखा रानी के कार्यकाल पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि उनके पदभार संभालने के बाद से शहर का विकास ठप हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि नपा में भ्रष्टाचार बढ़ रहा है और जनहित के कार्यों को नजरअंदाज किया जा रहा है।

#### आगे आंदोलन की चेतावनी

पार्षदों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही रुके हुए विकास कार्य शुरू नहीं किए गए और समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो वे बड़ा आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

# जनता और सरकार के बीच सेतु की तरह काम करें वार्ड समितियां : नायब सिंह सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल।** सीएम के कार्यक्रम को लाइव देखते जन प्रतिनिधि व अधिकारी।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए स्वच्छ भारत अभियान को जमीनी स्तर पर प्रभावी बनाने के लिए वार्ड समितियों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। वार्ड समितियां जनता और प्रशासन के बीच मजबूत सेतु की तरह काम करें और वे अपने अपने वार्ड की समस्याएं, सुझाव और आवश्यकताएं सीधे सरकार तक पहुंचाएं, ताकि उन पर काम किया जा सके। इस जनआंदोलन में हर नागरिक की सक्रिय भागीदारी बहुत जरूरी है।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी वीरवार को प्रदेशभर की नव गठित वार्ड समितियों को वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित कर रहे थे। उन्होंने वार्ड समितियों से स्वच्छता, जनभागीदारी और जवाबदेही को मजबूत करने की अपील की। नगर परिषद की ओर से जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन हिन्दु गर्ल्स स्कूल में किया गया। इसमें डीएमसी कपिल शर्मा, मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी दिव्यता सहित विभिन्न वार्ड समिति के सदस्य मौजूद रहे।

#### जागरूकता और निगरानी पर विशेष बल

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वच्छता बनाए रखने के लिए लोगों को जागरूक करना और गलत जगह कचरा फेंकने वालों को टोकना भी उतना ही जरूरी है। उन्होंने कहा कि समाज का माइंडसेट बदलना ही इस अभियान की सबसे बड़ी सफलता है।

# भाजपा सरकार किसानों को बर्बाद करने पर तुली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी



**पूंडरी।** किसानों की सभा को सम्बोधित करते हुए अभय सिंह चौटाला।

इनेलो सुप्रीमो अभय सिंह चौटाला ने भाजपा सरकार पर किसानों की अनदेखी और उन्हें आर्थिक रूप से कमजोर करने का आरोप लगाया। वे पूंडरी के किसान भवन में 'किसान के सम्मान में, इनेलो मैदान में' अभियान के तहत पार्टी कार्यकर्ताओं और किसानों को संबोधित कर रहे थे। चौटाला ने कहा कि प्रदेश में जब गेहूं की फसल पककर तैयार हुई, उसी समय सरकार ने किसानों के सामने कई समस्याएं खड़ी कर दीं। गेहूँ बेचने के लिए बायोमेट्रिक, गेट पास, वाहन के नम्बर की स्कैनिंग आदि कई शर्ते रख दी। उन्होंने आरोप लगाया कि चौधरी देवीलाल द्वारा किसानों की सहुलियत के लिए स्थापित परचेज सेंटर को खत्म करने की कोशिश की जा रही है और मंडियों को भी बंद करने की योजना बनाई जा रही है।

## नौवें दिन भी हड़ताल पर रहे अग्निशमन विभाग के कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका



हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन एवं सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर चल रही प्रदेशस्तरीय हड़ताल बुधवार को नौवें दिन भी जारी रही। इस दौरान अग्निशमन विभाग सीवन व चीका के कर्मचारी नगर पालिका ब्लॉक कमेटी चीका के प्रधान पृथ्वी राम की अध्यक्षता में धरने पर बैठे। मंच संचालन अशोक कुमार ने किया। हड़ताल के दौरान यूनियन के राज्य प्रधान राजेंद्र सिंनद और सदस्य जयप्रकाश विशेष रूप से पहुंचे। राजेंद्र सिंह ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि जब तक हरियाणा सरकार अग्निशमन विभाग के शहीद कर्मियों भविष्य शर्मा और धर्मवीर सिंह को शहीद का दर्जा, एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी नहीं देती, साथ ही एचकेआरएन व पेरोल कर्मचारियों को पक्की नौकरी में मर्ज नहीं करती और "समान काम, समान वेतन" लागू नहीं करती, तब तक हड़ताल जारी रहेगी।

### गौशाला सेवा से मिलता है आत्मिक सुकून

**सीवन।** गौशाला सेवा समिति के सदस्य कृष्ण वधवा व पूर्ण सैनी ने संयुक्त रूप से कहा कि गौशाला सेवा केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लें, जिससे समाज में सेवा और सहयोग की भावना को बल मिले। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मानसिक तनाव और भागदौड़ भरे जीवन के बीच गौ सेवा एक ऐसा माध्यम है, जो व्यक्ति को आत्मिक शांति और संतोष प्रदान करता है। गौ माता की सेवा करने से मन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और जीवन में संतुलन बना रहता है।

## एक गांव और एक गोत्र में शादी पर लगे रोक : कंडेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद



सर्वजातीय खाप पंचायत के राष्ट्रीय संयोजक व कंडेला जन कल्याण फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व हरियाणा सहकारी श्रण निर्माण के पूर्व अध्यक्ष चौधरी टेकराम कंडेला ने एक गांव व एक ही गोत्र में होने वाली शादियों पर तुरंत रोक लगाने की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के विवाह समाज के पारंपरिक ताने-बाने को कमजोर कर रहे हैं। एक ही गोत्र में भाई-बहन का रिश्ता माना जाता है, लेकिन वर्तमान समय में इस परंपरा की अनदेखी होने से समाज में विवाद और झगड़े बढ़ रहे हैं। कंडेला ने केंद्र व हरियाणा सरकार से इस विषय पर तुरंत सख्त कदम उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि विवाह माता-पिता की सहमति से ही होने चाहिए, ताकि पारिवारिक और सामाजिक संतुलन बना रहे। उन्होंने लिव-इन रिलेशनशिप पर भी चिंता जताते हुए कहा कि आजकल कई माता-पिता इस तरह के संबंधों में रह रहे हैं, जिसका बच्चों और समाज पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।

## खबर संक्षेप



### आरपीएस के पांच छात्रों को 99.6% अंक

**महेंद्रगढ़।** सीबीएसई द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में आरपीएस शिक्षण संस्थान की दिव्या यादव, अदित्री, ओनवी यादव, रिद्धिमा यादव व आदित्य वशिष्ठ ने 99.6 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं ओनवी, संस्कार सिंगला, हेमांश गोला, देवीक मुदगिल ने 99.4 प्रतिशत अंक के साथ दूसरा स्थान व समर तोमर, दिव्यांश, अविनव, आरोही वैश, वृष्टि, नैतिक गौचर, तनव जैन, अमूल्य बागौतिया, तिक्षा राज यादव ने 99.2 प्रतिशत अंक हासिल कर तीसरा स्थान प्राप्त कर पूरे आरपीएस समूह का नाम पूरे देश व प्रदेश में गौरवान्वित किया है। सीईओ इंजि. मनीष राव ने बताया कि आरपीएस संस्था के 493 विद्यार्थियों ने विभिन्न विषय में 100/100 अंक प्राप्त कर विषय की वरियता सूचि में प्रथम स्थान हासिल किया।

### दो मामलों में 2 भगौड़े आरोपी काबू

**कैथल।** पीओ पकड़ो पकड़ो स्टाफ द्वारा अलग अलग 2 मामलों में 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पीओ पकड़ो स्टाफ प्रभारी एसआई ओमप्रकाश की अगुवाई में एएसआई पवन कुमार की टीम द्वारा आरोपी ईश्वर सिंह निवासी शक्ति नगर कैथल को गिरफ्तार किया गया। आरोपी पर 16 अगस्त 2022 को प्रताप गेट कैथल पर एक महिला को चोटे मारने का आरोप है। जिस बारे थाना शहर में दर्ज मामले में आरोपी गिरफ्तार किया गया था परंतु आरोपी न्यायालय से जमानत हासिल करने उपरांत न्यायालय में हाजिर नहीं हुआ, जिसे माननीय न्यायालय द्वारा 8 अप्रैल 2026 को पीओ घोषित किया गया था। एक अन्य मामले में एएसआई जरनैल सिंह द्वारा आरोपी पट्टी अफगान कैथल निवासी कुलदीप को गिरफ्तार किया गया। जो वर्ष 2021 दौरान थाना शहर अंतर्गत शराब तस्करी के मामले में जमानत हासिल करने उपरांत न्यायालय में हाजिर नहीं हुआ।

# फरियाबाद की महक ढुल ने राष्ट्रीय कबड्डी में जीता गोल्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

गांव फरियाबाद की प्रतिभाशाली बेटी महक ढुल ने 73वीं सीनियर नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडिया कबड्डी प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश की टीम को हराकर गोल्ड मेडल जीतकर गांव व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि से पूरे गांव में खुशी की लहर दौड़ गई और ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला। महक के गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने सेरधा से डीजे के साथ उसका भव्य स्वागत किया और जुलूस के रूप में गांव तक लेकर आए। इसके बाद महक ने बाबा बिशुनपुर मंदिर में पूजाअर्चना कर आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात अमिया पट्टी चौपाल में सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जहां ग्राम पंचायत व ग्रामीणों की ओर से महक और उसके कोचों को सम्मानित किया गया। सरपंच प्रतिनिधि पलाराम ने बेटियों को 5100-5100 रुपये की सम्मान राशि व मालाएं पहनाकर सम्मानित किया, जबकि पूर्ण सिंह ने महक को 11,000 रुपये देकर उसका मान बढ़ाया। पूर्व सरपंच रमेश ने भी बेटियों को सम्मानित करते हुए शुभकामनाएं दीं। छोटूराम विचार मंच के जिला अध्यक्ष मास्टर सुरेंद्र ढुल ने बेटियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं वाल्मीकि समाज द्वारा भी बेटियों का सम्मान कर उनका हौसला बढ़ाया गया।

### डॉ. भीमराव आंबेडकर एवं संविधान विषय पर लगाई चित्र प्रदर्शनी

**कैथल।** आरकेएसडी कॉलेज, कैथल के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर एवं भारतीय संविधान विषय पर चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को डॉ. अंबेडकर के जीवन, विचारों एवं संविधान निर्माण में उनके अमूल्य योगदान से अवगत कराना था। कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय के उप-प्राचार्य प्रो. राजबीर पराशर द्वारा किया गया। उन्होंने डॉ. अंबेडकर के विचारों को प्रासंगिक बताते हुए विद्यार्थियों से उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा लगभग 70 आकर्षक पोस्टर तैयार किए गए, जिनमें डॉ. अंबेडकर के जीवन, सामाजिक न्याय एवं संविधान निर्माण में उनकी भूमिका को सृजनात्मक रूप से प्रस्तुत किया गया।

### सुरक्षा मजबूत करने को उठाए कदम



**सीवन।** सीवन थाना प्रभारी इंस्पैक्टर रमेश चंद्र खेदड़ ने कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार सक्रिय भूमिका निभा रही है। अपराध पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं और संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार क्षेत्र में गश्त बढ़ाई गई है तथा प्रमुख स्थानों पर नाकेबंदी कर वाहनों की नियमित जांच की जा रही है। इससे आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा रहा है। खेदड़ ने कहा कि पुलिस का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में शांति बनाए रखना और लोगों को सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराना है। इसके लिए संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है और किसी भी सूचना पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

### समाधान शिविर में एसडीएम ने सुनीं समस्याएं

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने कहा कि समाधान शिविरों में नागरिकों की शिकायतों का निपटारा सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ शीघ्रता से किया जाए। शिकायतों के समाधान के दौरान नागरिक से संवाद बनाए रखें और उन्हें उनकी शिकायत पर की जा रही कार्रवाई की पूरी जानकारी देकर संतुष्ट करें, ताकि समस्याओं का स्थायी समाधान सुनिश्चित हो सके। डीसी अपराजिता के मार्गदर्शन में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें एसडीएम संजय कुमार डीएसपी सुशील प्रकाश ने लोगों की समस्याएं सुनीं गई। इस दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से कई का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। शिविर के दौरान वार्ड नंबर नौ की गली नंबर छह में पेयजल की समस्या को लेकर शिकायत रखी।

# जल संरक्षण को लेकर हरियाणा सरकार गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

हरियाणा सरस्वती हेरिटेज बोर्ड के अध्यक्ष धुम्मन सिंह किरमच ने कहा कि प्रदेश सरकार पिछले 10 वर्षों से जल संरक्षण और नदियों के पुनर्जीवन को लेकर गंभीरता से कार्य कर रही है। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और वर्तमान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में जल प्रबंधन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा कैथल क्षेत्र के लिए तीन महत्वपूर्ण परियोजनाएं दी गई हैं, जो जल संरक्षण और सिंचाई के दृष्टिकोण से अत्यंत लाभकारी सिद्ध होंगी। हरियाणा सरस्वती हेरिटेज बोर्ड के अध्यक्ष धुम्मन सिंह किरमच वीरवार को सिंचाई विभाग के रेस्ट हाउस में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2015 में गठित सरस्वती हेरिटेज डेवलपमेंट बोर्ड के माध्यम से न केवल प्राचीन सरस्वती नदी के पुनरुद्धार का कार्य किया जा रहा है, बल्कि वर्षा जल संचयन और भूजल स्तर सुधार पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। धुम्मन सिंह किरमच ने बताया कि सबसे पहली परियोजना हांसी-बुटाना नहर का पुनरुद्धार करना है।

### ‘ऑपरेशन स्माइल’ से घरों में लाई मुस्कान

**कैथल।** पुलिस विभाग द्वारा मानव तस्करी के खिलाफ और बंधुआ मजदूरों को रेस्क्यू करने के लिए स्पेशल अभियान ऑपरेशन स्माइल शुरू किया गया था, जिसके तहत गुमशुदा बच्चों और वयस्कों को खोजना और उनके परिवार से मिलवाया जाता है। इसी कड़ी में कैथल पुलिस द्वारा गुमशुदा महिलाओं व अन्य व्यक्तियों की भी तलाश कर उन्हें अपनों से मिलवाने का काम किया गया। जानकारी देते हुए एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने बताया कि इस मुहिम दौरान कैथल पुलिस द्वारा अभियान के दौरान 15 दिन मध्य उल्लेखनीय कार्य करते हुए अब तक 84 गुम हुए व्यक्तियों को ढूंढा गया, जिनमें बच्चे व व्यस्क महिला/पुरुष शामिल है। इसके अतिरिक्त पुलिस द्वारा भीख मांगने व बाल मजदूरी के काम में लगे 12 बच्चों को रेस्क्यू करवा कर उनको अपनों से मिलवाया गया है। पुलिस का उद्देश्य मानव तस्करी के बारे में जागरूकता और नागरिकों को किसी भी संदिग्ध गतिविधि का पता चलने पर उसकी रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित करना है।

### शराब तस्करों के ठिकानों पर सघन जांच



**कैथल।** एसएचओ चीका एसआई संदीप कुमार की अगुवाई में पुलिस टीम द्वारा गांव कल्लर माजरा में विशेष चैकिंग अभियान चलाया गया। वहीं एसएचओ थाना शहर इंस्पेक्टर गीता की अगुवाई में पुलिस टीम द्वारा डेरा गरजा सिंह में संदिग्ध नशा व शराब तस्करों के घर व अन्य ठिकानो पर सर्च अभियान चलाया गया। प्रवक्ता प्रवीन श्योकंद ने बताया कि इस दौरान घरों की जांच सहित अन्य जगह की छानबीन की गई कि कहीं किसी जगह कोई मादक पदार्थ छिपा रखा हो या कोई नशा बेचने वाला या आपराधिक कार्य करने वाला गैर कानूनी तरीके से न रहता हो। एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करना व अपराधियों व नशा तस्करों में भय उत्पन्न करना है। उन्होंने कहा कि इस अभियान में मुख्य रूप से नशा तथा शराब का कारोबार करने वालों पर शिकंजा कसना है, जिला पुलिस का उद्देश्य कैथल जिला को नशा मुक्त बनाना है। इसके साथ साथ पुलिस द्वारा सर्च ऑपरेशन के अलावा वहां मौजूद आमजन को समझाया गया कि किसी प्रकार के मादक पदार्थ बेचने वाले या अन्य किसी अपराधी के बारे में पुलिस को सूचित करें।

### पुलिसया दमन के खिलाफ सीटू का प्रदर्शन

**कैथल।** सेंट्रल ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू)का धरना प्रदर्शन वीरवार को लघु सचिवालय कैथल में जारी रहा। इसकी अध्यक्षता सीटू जिला प्रधान कॉमरेड सत्यवान जन संघर्ष मंच जिला प्रधान जोगिंदर डांड व क्रांतिकारी मजदूर यूनियन के नेता अजय कलायत ने संयुक्त रूप में की। संचालन सीटू जिला सचिव नरेश कुमार रोहेड़ा ने किया। प्रेस को दी जानकारी में सीटू राज्य के नेता बसाऊ राम चंदाना मास्टर जयप्रकाश शास्त्री व जनवादी महिला समिति कि जिला सचिव रामकली जांगड ने संयुक्त बयान में बताया कि आज के दौर में देश की जनता महंगाई बेरोजगारी भुखमरी तमाम समस्याओं से गिरी हुई है लेकिन केंद्र में मोदी ओर राज्य में नायब सैनी सरकार अपने चाहते पूंजी पतियों की तिजोरिया भरने पर लगी हुई है। लम्बे संघर्षो से हासिल तमाम मजदूर अधिकारों को कुचला जा रहा है। उसीका नतीजा आज श्रम कानून को खत्म कर लेबर कोड लाए गए जिसका नतीजा 8 घंटे की ड्यूटी तक को बदलकर 12 घंटे कर दिया गया और किसी भी कारखाने में मजदूरो की सुरक्षा के उपकरण नहीं हैं। आए दिन दुर्घटना में कितने ही मजदूरों की मौतें व गंभीर रूप से घायल हो रहे हैं जिनके न तो इलाज की कोई गारंटी है न ही मुआवजा।

**कवायद** सरपंचों को कन्या भ्रूण हत्या न करने की शपथ दिलाई

# जिले की 106 टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों को किया गया सम्मानित : डॉ सुशील कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

एडीसी डॉ सुशील कुमार ने कहा कि टीबी मुक्त अभियान सरकार का एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य अभियान है, जिसका उद्देश्य देश को टीबी से पूरी तरह से मुक्त करना है। इसी मुहिम को आगे बढ़ाते हुए ग्राम पंचायत के उत्साहवर्धन के लिए उन्हें सम्मानित किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला में 106 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के अंतर्गत सम्मानित किया गया। इनमें 13 ग्राम पंचायतें गोल्ड मेडल, 36 ग्राम पंचायतें सिल्वर मेडल तथा 57 को ब्रांज मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों के सरपंचों को कन्या भ्रूण हत्या न करने की शपथ भी दिलाई गई। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉक्टर रेनू चावला व अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

#### गोल्ड मेडल से सम्मानित ग्राम पंचायतें

टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों में 13 ग्राम पंचायतों को गोल्ड मैडल सम्मान से सम्मानित किया गया, जिसमें गांव बदनारा, भालंग, बुढ़नपुर गुजरान, डडवाना, ढुमाड़ा, हरनौला, जटहेड़ी, कलासर, कसौली, मंजेड़ी, मेघामाजरा, मुन्नारेहड़ी, नरवल गढ़ शामिल हैं।



**कैथल।** एडीसी सुशील कुमार ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों को सम्मानित करते हुए।

#### सिल्वर मेडल से सम्मानित ग्राम पंचायतें

सिल्वर मैडल के लिए 36 ग्राम पंचायतें सम्मानित हुई हैं, जिसमें आंधली, चाबा, ढाबा, डेरा गोबिंद सिंह नगर, दुब्बल, डुलयाणी, दुसेरपुर, फर्शमाजरा, फरीयाबाद, गढ़ी नजीर, घोघ, गुरू नानक नगर, हंसुमाजरा, कमहेड़ी, खंभेड़ा, खराल, खेड़ी मटरवा, खेड़ी सिकंदर, महमदपुर, माजरा नंदकरण, माजरा रोहेड़ा, मालखेड़ी, मैंगड़ा, पाबला, पपराला, पट्टी खोथ, रत्ताखेड़ा कड़ाम, रिवाड़ जांगीर, रोहेड़ियां, समानां मलिकपुर, सांपन खेड़ी, शहीद भगत सिंह, थेह बुटाना, थेहमुकेरिया, उमेदपुर, वजीर नगर गाम पंचायत शामिल हैं।

#### ब्रांज मेडल वाली ग्राम पंचायतें

ब्रांज मैडल से 57 ग्राम पंचायतें सम्मानित हुई हैं, जिसमें अंगौध, अहमदपुर, अरनौली, अटैला, अजीमगढ़, बड़सिकरी खुर्द, बदसूई, बालू रापड़िया पट्टी, बाउपुर, भूंसला, ब्राह्मणीवाला, चाणचक, चंदलाना, डंडोता, डयोढ़खेड़ी, डेरा बाजीगर, धेरडू, देवीगढ़, धर्मपुरा, दिल्लोंवाली, दीवाल, ढुंढवा, दुसैण, गढ़ी पाड़ला, हेमू माजरा व अनय है।



### क्लस्टर मुखिया ने किया स्कूल निरीक्षण

**गुहला चीका।** क्लस्टर मुखिया सुरेश कुमार ने शुक्रवार को राजकीय प्राथमिक पाठशाला तारावाली का दौरा कर व्यवस्थाओं और शिक्षण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों के शैक्षिक स्तर का आकलन किया और बच्चों से सवाल पूछे। सुरेश कुमार ने शिक्षकों से बातचीत कर शिक्षण विधियों और विद्यार्थियों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने विद्यालय में नामांकन संख्या बढ़ाने पर विशेष जोर देते हुए शिक्षकों को निर्देश दिए कि वे अभिभावकों से संपर्क कर अधिक से अधिक बच्चों का दाखिला सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि अभिभावकों का विद्यालय के प्रति विश्वास मजबूत हो।

## खबर संक्षेप



### 31.52 ग्राम हेरोइन मामले में आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** थाना कलायत पुलिस द्वारा हेरोइन बरामदगी मामले में फरार चल रहे आरोपी को काबू कर लिया है। 9 फरवरी को थाना कलायत पुलिस के एसआई विजय कुमार की टीम द्वारा सेंसी बस्ती कलायत स्थित एक मकान पर रेड की गई थी। मकान मालिक राकेश उर्फ कालू पुलिस के पहुंचने से पहले ही फरार हो गया था। तलाशी लेने पर 31.52 ग्राम हेरोइन बरामद हुई थी। आरोपी राकेश उर्फ कालू को कैथल से काबू कर लिया गया।

### अलग-अलग स्थानों से दो युवतियां गायब, मामले दर्ज

**जींद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से दो युवतियों के संदिग्ध हालात में गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। जुलाना निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 14 अप्रैल दोपहर को उसकी बेटी घर से गायब हो गई। वहीं गांव ऐंचरा कलां से भी गत 12 अप्रैल को 17 वर्षीय युवती गायब हो गई। दोनों अभिभावकों ने गायब युवतियों को तलाशा भी लेकिन उनका कोई सुराग नही लगा। संबंधित थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नहर हेड कार्यालय से रिकॉर्ड व सामान चोरी

**जींद।** गांव बडनपुर सिरसा ब्रांच नहर हेड पर बने कमरे का ताला तोड़ कर बीती रात चोरों ने रिकॉर्ड, वायरलेस सेट व अन्य सामान को चोरी कर लिया। सदर थाना पुलिस ने सिंचाई विभाग के एसडीओ की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बिजली निगम कार्यालय से सामान चुराया

**जींद।** नरवाना में बीती रात चोरों ने बिजली निगम कार्यालय की खिड़की तोड़ कर बिजली मीटर, एचटीसीटी बिजली के अन्य उपकरणों को चोरी कर लिया। शहर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज किया है।

## अग्निशमन विभाग में सुविधाओं का टोटा : एक अप्रैल से अब तक आगजनी की 65 कॉल आ चुकी

# दमकल के पास 8 गाड़ियां कम, 117 में से 96 कर्मचारी हड़ताल पर

- गाड़ियों की डिमांड उच्च अधिकारियों को भेजी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद**

गेहूं सीजन में फसल कटाई का काम जोरो पर हैं लेकिन जिला में अगर दमकल विभाग की बात की जाए तो वो बेहद कमजोर हालात में हैं। दमकल विभाग के पास खेतों में आग लगने की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए पर्याप्त साधन नही हैं। दमकल विभाग में इस समय जिलेभर में 12 गाड़ियां हैं। जिसमें से चार जींद शहर में है। पहले दमकल विभाग के पास 17 गाडिय़ां थी लेकिन पांच गाड़ियां के दस साल पूरे होने पर उन्हें नॉन एनसीआर एरिया में भेज दिया गया है। एक अप्रैल से अब तक दमकल विभाग के पास आगजनी की 65 कॉल आ चुकी हैं। जिले की आबादी को देखते हुए दमकल विभाग के पास गाडिय़ों की कमी है। इसके चलते स्थानीय अधिकारियों ने मुख्यालय के पास आठ गाड़ियां की डिमांड भेज रखी है। वहीं विभाग में इस समय 117 कर्मचारी कार्यरत हैं। जिसमें से 11 रेगुलर, 47 पेरोल व 38 कर्मचारी एचकेआरएन के तहत लगे हैं। 117 में से 96 कर्मचारी हड़ताल पर हैं। इस कारण बाकि के कर्मचारी 12 घंटे की ड्यूटी दे रहे हैं। जबकि दमकल विभाग में जिलेभर में कर्मचारियों की सेंक्शन पोस्ट 152 है। इसके अलावा दमकल विभाग में शहर की बड़ी चार मंजिला बिल्डिंग में आग बुझाने के लिए भी पर्याप्त साधन नहीं है। विभाग के पास कोई हाइड्रोलिक गाड़ी नहीं है, जो चार मंजिला बिल्डिंग में आग लगने पर उसे काबू पाने में मदद कर सके। गौरतलब है कि इस समय खेतों में गेहूं की फसल कटाई का सीजन चला हुआ है। इस समय दिन का अधिकतम तापमान 30 डिग्री से अधिक रहता है। ऐसे में दिन के समय गेहूं के खेतों में आगजनी की घटनाओं पर काबू पाने के लिए भी बिजली निगम ने दिन के समय बिजली की सप्लाई रोक रखी है। इसके बाद भी शार्ट सर्किट या अज्ञात कारणों से खेतों में आगजनी के मामले सामने आ रहे हैं लेकिन दमकल विभाग के पास पर्याप्त संसाधनों नहीं होने के कारण कई बार गाड़ी समय पर नहीं पहुंच पाती। इस कारण किसान की फसल जलकर राख हो जाती है।



जींद। दमकल विभाग में खड़ी गाडिय़ां। फोटो : हरिभूमि

### गाड़ियों की है कमी

दमकल विभाग के लीड फायरमैन विजय कुमार ने बताया कि दमकल विभाग में पर्याप्त गाडिय़ां व कर्मचारी नहीं हैं। मुख्यालय गाडिय़ों की डिमांड भेज रखी है। इसके अलावा अभी कुछ कर्मचारी हड़ताल पर चल रहे हैं। ऐसे में जो कर्मचारी बचे हैं, वह 12-12 घंटे की ड्यूटी दे रहे हैं। अगर कर्मचारी हड़ताल से वापस आ जाए तो कुछ हद तक समस्या कम हो सकती है। फिर भी जैसे ही विभाग के पास आगजनी की कोई सूचना आती है तो कर्मचारी मौके पर पहुंच कर उसे बुझाने का प्रयास करते हैं।

## उपायुक्त ने मंडी में खरीद कार्य सुचारू रखने के दिए निर्देश

# 2.44 लाख एमटी गेहूं खरीद उठान सिर्फ 17 हजार एमटी

### किसानों से गेहूं सुखाकर ही लाने की अपील की

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद**

उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने गेहूं खरीद के लिए कार्य कर रही सभी सरकारी एजेंसियों व इस कार्य से जुड़े संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अनाज मंडियों में गेहूं की खरीद कार्य सुचारू रूप से जारी रखें। लिहाजा अनाज मंडियों में खरीद, उठान, गेट पास एवं बारदाना से जुड़ी कोई भी समस्या न आए। इसके लिए समय-समय पर निगरानी करते रहें। उन्होंने खरीद एजेंसियों से कहा कि खरीदे गए गेहूं का समयबद्ध उठान सुनिश्चित किया जाए। मंडियों में किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए साफ-सफाई, पेयजल, बिजली और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था की गई है ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने किसानों से आग्रह किया है कि वे अपनी फसल को अच्छी तरह सुखाकर ही मंडियों में लेकर आएं। जिससे खरीद प्रक्रिया में तेजी बनी रहे और किसी तरह की रुकावट उत्पन्न न हो। उपायुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि गत दिवस तक जिले में कुल दो लाख 44 हजार 612 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। इसमें खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 76 हजार 674 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा एक लाख एक हजार 521 मीट्रिक टन तथा हरियाणा वेयर हाउस कॉरपोरेशन द्वारा 66 हजार 417 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया है। मंडी वार आंकड़ों के अनुसार उचाना मंडी में 44 हजार 186 मीट्रिक टन, पिल्लुखेड़ा में 17 हजार 700 मीट्रिक टन, जींद में 42 हजार 963 मीट्रिक टन, अलेवा में 14 हजार 637 मीट्रिक टन, सफीदों में 11 हजार 241 मीट्रिक टन, जुलाना में 24 हजार 974 मीट्रिक टन तथा नरवाना में 25 हजार 904 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। उन्होंने बताया कि अब तक विभिन्न खरीद ऐजेंसियों द्वारा 17 हजार 872 मीट्रिक टन गेहूं की लिफिटिंग की जा चुकी है। जिसमें खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 3 हजार 172 मीट्रिक टनए हैफड द्वारा 10 हजार 592 मीट्रिक टनए हरियाणा वेयर हाउस द्वारा 4 हजार 105 मीट्रिक टन गेंहू का उठान करवाया गया है। उपायुक्त ने गेहूं कटाई का सीजन पूरी जोरों पर है। इसलिए किसान गेहूं कटाई के उपरांत फसल अवशेषों को आग लगा देते हैं। इसलिए उन्होंने किसानों से अपील है कि वे पुसल अवशेषों को न जलाएं बल्कि इनका सदुपयोग कर भूमि की उर्वरा शक्ति को बढ़ाए। उन्होंने किसानों का आह्वान किया कि वे अपने फसल अवशेषों में आग न लगाएए बल्कि उन्हें खेत की मिट्टी में ही मिला दें।



### 11 लाख क्विंटल में से 6 लाख क्विंटल गेहूं की हुई खरीद



**उचाना।** गेहूं की आवक निरंतर जारी है। अबतक 1128934 क्विंटल की आवक हो चुकी है। 615111 क्विंटल की खरीद विभिन्न एजेंसियों द्वारा की जा चुकी है। मार्केट कमेटी में दर्ज आंकड़ों के अनुसार प्रिंसिपल यार्ड ओजीएम में एचडब्ल्यूसी द्वारा 97255, हैफेड द्वारा 107597, प्रिंसिपल यार्ड उचाना में एचडब्ल्यूसी द्वारा 79451, हैफेड ने 155886 क्विंटल गेहूं की खरीद की है। सब यार्ड छात्तर में डीएफएससी ने 51049, हैफेड ने 43687 क्विंटल की खरीद की है। घोघडिय़ा परचेज सेंटर पर डीएफएससी ने 50658 क्विंटल, काब्रच्छा परचेज सेंटर पर एचडब्ल्यूसी 23527 क्विंलए धनखड़ी परचेज सेंटर पर डीएफएससी ने 6001 क्विंटल की परचेज की है। अब तक प्रिंसिपल यार्डए सब यार्ड एवं परचेज सेंटरों पर 1128934 क्विंटल गेहूं की आवक हो चुकी है। 14155 गेट पास अब तक कट चुके है। प्रिंसिपल यार्ड ओजीएम में 3312, प्रिंसिपल यार्ड उचाना में 6648, सब यार्ड छात्तर में 1714, परचेज सेंटर घोघडिय़ा में 2672, काब्रच्छा में 1458, धनखड़ी में 174 गेट पास कट चुके है। 14155 गेट पास में से 11925 गेट पास बायोमेट्रिक हो चुके है। मार्केट कमेटी सचिव योगेश ने कहा कि किसी तरह की परेशानी खरीद को लेकर किसान आढ़तियों को नहीं आने दी जा रही है।

### दसवीं कक्षा में वुड स्टॉक स्कूल के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**जींद।** वुड स्टॉक स्कूल के विद्यार्थियों ने 10वीं परीक्षा परिणाम में इस वर्ष शानदार सफलता हासिल कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस वर्ष के परिणाम की विशेष बात यह रही कि लगभग 50 प्रतिशत विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की टॉपर लाव्या ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। तन्वी सिंगला ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 90.8 प्रतिशत अंक के साथ और छात्र रविकांत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 89.4 प्रतिशत अंक के साथ छात्रा समनीत 85.2 प्रतिशत शीनू 85.8 प्रतिशत, नेहा 84.8 प्रतिशत, रितेश 82.8, प्रांजल 82.8, शुभम 82.4, गीत 84.6, सेजल और पूर्वी ने 81.6, वेदांत, 80.6 और नमन 80.2 ने भी 80 से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। स्कूल के निदेशक डा. नरेंद्र नाथ शर्मा, स्कूल उपनिदेशक आशुतोष शर्मा, स्कूल प्राचार्या सुकीर्ति गौतम ने कहा कि हमारे विद्यार्थियों का यह उत्कृष्ट परिणाम अत्यंत गर्व का विषय है। यह उनकी मेहनत, अनुशासन और समर्पण का प्रतिफल है। विद्यालय सदैव छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों ने कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प के साथ यह उपलब्धि हासिल की है। यह परिणाम शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का सुंदर उदाहरण है। छात्र भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहेंगे। विद्यालय प्रबंधन ने विश्वास व्यक्त किया कि विद्यार्थी भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और अपने परिवार का नाम रोशन करेंगे।

## खबर संक्षेप



### ध्रुव पब्लिक स्कूल में नमन रहा टॉपर

**पूंडरी ।** ध्रुव पब्लिक स्कूल, पूंडरी के लिए इस वर्ष सीबीएसई कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम अत्यंत गौरवपूर्ण और ऐतिहासिक रहा। स्कूल टॉपर्स में नमन 95 प्रतिशत, रीत 94 प्रतिशत , राशि 93 प्रतिशत यशिका 92 प्रतिशत, जतिन 91 प्रतिशत, तथा गुंजन और हर्षदीप 90 प्रतिशत ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। अंग्रेजी विषय में रीत और उर्वि ने 99 अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान हासिल किया। इसके अलावा हर्षदीप (98), नमन (97), नंदिनी (95), राशि व तमन्ना (94), जतिन व लखविंदर (93), यशिका व लक्ष्य (92), शिवम (91) तथा कुनाल (90) ने भी बेहतरीन प्रदर्शन किया।



### डीएवी स्कूल पूंडरी में ऐना रही प्रथम

**पूंडरी।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें डीएवी पब्लिक स्कूल पूंडरी का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। इस अवसर पर टॉपर रहे बच्चों को कार्यकारी प्राचार्य सुशील कुमार ने बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। छात्रा ऐना ने 97.4 प्रतिशत अंक लेकर टॉप किया। छात्रा अवनी कौशिक ने 96.6 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान व सानवी तंवर व छात्र हर्ष ने 96.4 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय प्राप्त किया।



### राधा कृष्ण स्कूल में काशिश रही अव्वल

**कैथल।** राधा कृष्ण सीनियर सेकेंडरी स्कूल का कक्षा 10वीं का सीबीएसई परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा 10वीं के परिणामों में विद्यालय की छात्रा काशिश पुत्री श्री नेहरू, ने 95% अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान हासिल किया, जो कि विद्यालय के लिए गर्व की बात है। इस परीक्षा में कक्षा 10वीं के 10 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 16 विद्यार्थियों ने 80% से अधिक अंक हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्राचार्या मीनू नरवाल एवं स्कूल के एमडी लाभ सिंह लैलर ने सभी विद्यार्थियों मे लड्डू बांटकर बधाई दी। साथ ही सभी अध्यापकों—संतोष, हार्दिक, दीपक, अशोक कुमार, अशोक खुराना, प्रियंका एवं तिलक चावला—को भी बधाई देते हुए विद्यालय की इस सफलता की खुशी साझा की गई। लाभ सिंह लैलर जी ने परीक्षा परिणाम पर विद्यार्थियों एवं अध्यापकों के प्रदर्शन की सराहना की।



### आधारशिला के 133 छात्रों ने पाई मेरिट

**जींद।** सीबीएसई द्वारा घोषित 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में आधारशिला विद्यालय के छात्रों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। विद्यालय के कुल 160 विद्यार्थियों ने 10वीं की परीक्षा दी जिसमें 133 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर मेरिट में अपना स्थान बना कर विद्यालय का नाम रोशन किया। शिखा और सृष्टि ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह शानदार परीक्षा परिणाम विद्यालय के लिए गर्व व उत्साह का विषय है। इस शानदार परीक्षा परिणाम के आने पर गुरूवार को स्कूल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य सतवीर सिंह गहलावत ने सभी अभिभावकगणों का स्वागत किया।

### वेदांता में देवांशी व दीक्षा रही प्रथम

**जींद।** वेदांता इंटरनेशनल स्कूल कलौदा खुर्द में इस वर्ष सीबीएसई कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम विद्यालय की प्रधानाचार्या वीना दारा प्रातःकालीन सभा में औपचारिक रूप से घोषित किया गया। सभा के दौरान उन्होंने गर्वपूर्वक बताया कि इस वर्ष विद्यालय के कुल 66 विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा दी। जिनमें से 35 विद्यार्थियों ने मेरिट प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। वीना दारा न सर्वप्रथम विद्यालय के टॉपर्स की घोषणा की। देवांशी और दीक्षा ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया और विद्यालय की टॉपर बनी। इसके पश्चात नैंसी 95 प्रतिशतने द्वितीय स्थान, एंजल 94 प्रतिशत ने तृतीय स्थान तथा तम्मना 93.2 ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। जागृति एवं तन्नू 93, अपूर्वा 92 तथा अंशुल 91.2 ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्या ने यह भी बताया कि इस वर्ष कुल नौ विद्यार्थियों ने 91 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैंए जो विद्यालय के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। निदेशक इंजीनियर प्रदीप नैन ने कहा यह शानदार परिणाम शिक्षकों के अथक परिश्रम, विद्यार्थियों की लगन और अभिभावकों के निरंतर सहयोग का संयुक्त परिणाम है। चेयरमैन रवि श्योकंद ने कहा कि शीघ्र ही एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा।




## 96 प्रतिशत अंक लेकर दीपिका रही रिषिकुल पब्लिक स्कूल में अव्वल



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद**

नरवाना रोड स्थित रिषिकुल पब्लिक स्कूल में दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में कुल 37 बच्चों ने परीक्षा दी। सभी बच्चों ने परीक्षा उत्तीर्ण की। कुल 14 बच्चों ने मेरिट में स्थान बनाया। 96 प्रतिशत अंक लेकर दीपिका ने स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं 92.6 प्रतिशत अंक लेकर धनीषा द्वितीय व यशिका ने 91.4 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया। 19वीं की परीक्षाओं में अव्वल रहे छात्रों को सम्मानित किया गया। समारोह में प्रिंसिपल राजीव गिल ने परीक्षा उत्त्रीण करने वाले छात्रों को भविष्य में इसी तरह मेहनत कर आगे बढने का आर्शीवाद दिया। उन्होंने बताया कि सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नरवाना रोड स्थित रिषिकुल पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। विद्यालय प्रिंसिपल राजीव गिल ने विद्यालय अच्छे परीक्षा परिणाम के साथ-साथ बच्चों के लिए संपूर्ण गतिविधियों का आयोजन समय-समय पर करता रहता है।

### सीबीएसई की 10वीं की परीक्षा में अव्वल रहे शिक्षा भारती विद्या निकेतन के विद्यार्थी

**कैथल।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में शिक्षा भारती विद्या निकेतन, कलायत के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस वर्ष विद्यालय के 25 छात्रों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की छात्रा स्नेहा ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर ब्लॉक टॉपर बनने के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं वांशु ने 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा नवजीत ने 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त मनत ढांढा ने 93.2 प्रतिशत और दीपेंद्र ने 92.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को उनके स्थान के अनुसार सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र को 21,000 तथा द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 11,000-11,000 तथा चतुर्थ एवं पंचम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 5,100-5,100 की नकद राशि के साथ स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। चेयरमैन कुलदीप सिंह ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उप-प्रधानाचार्य अमरदीप भारद्वाज ने भी छात्रों को बधाई दी।



## बिजली कर्मियों ने किया रोष प्रदर्शन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद**

राजौंद के विद्युत प्रसारण प्रांगण में कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जोरदार रोष प्रदर्शन किया। इस दौरान गेट मीटिंग आयोजित कर कर्मचारियों ने प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। मीटिंग की अध्यक्षता उप प्रधान प्रवीण कोटड़ा ने की, जबकि मंच संचालन सब यूनिट सचिव मुकेश कोटड़ा ने किया। गेट मीटिंग में कर्मचारियों ने बताया कि उनकी चार्जशीट पिछले दो-तीन वर्षों से लंबित पड़ी हुई है, जबकि कुछ अधिकारियों की चार्जशीट हटाकर उन्हें पदोन्नति भी दे दी गई है।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

**अभियान** स्वास्थ्य विभाग उठा रहा स्वस्थ बचपन के लिए मजबूत कदम

# 4.72 लाख बच्चों को 21 को खिलाई जाएंगी एलबेंडाजोल की गोलियां

- आरकेएसके के तहत सैकड़ों बच्चों को मिला नया जीवन : अतिरिक्त उपायुक्त

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद**

अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय के सभागार में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस को सफल बनाने एवं बच्चों के स्वास्थ्य सुधार के लिए बैठक आयोजित की गई। जिसमें स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि 21 अप्रैल को आयोजित राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अंतर्गत एक वर्ष से 19 वर्ष तक के सभी बच्चों एवं किशोर व किशोरियों को एल्बेंडाजोल (कृमिनाशक) की दवा अवश्य खिलाएं ताकि बच्चों को कृमि संक्रमण से बचाया जा सके और उनका शारीरिक एवं मानसिक विकास बेहतर हो सके। उन्होंने बताया के 21 अप्रैल को एक से दो वर्ष तक के बच्चों को आधी गोली तथा दो से 19 वर्ष तक के बच्चों को पूरी गोली दी जाएगी और यह दवा हमेशा खाना खाने के बाद ही दी जाएगी। उन्होंने कहा कि आरबीएसके के तहत सैंकड़ों बच्चों को नया जीवन मिला है जो कि स्वास्थ्य विभाग की एक सराहनीय पहल है। साथ ही उन्होंने सभी सम्बंधित विभागों को स्वास्थ्य विभाग के साथ सहयोग करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए यह सुनिश्चित करें कि कोई भी बच्चा इस अभियान से वंचित न रहे। पब्लिक हेल्थ विभाग को स्कूलों में पीने के पानी की उचित व्यवस्था करने एवं शिक्षा विभाग को आधा घंटा पहले मिड डे मिल की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा प्रार्थना सभाओं के माध्यम से बच्चों को इस अभियान के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान डिप्टी सीएमओ डा. रमेश पांचाल ने बताया कि 21 अप्रैल को फिक्स डे के रूप में सभी बच्चों को दवाई खिलाई जाएगी। जिले में इस अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए तैयारियां की जा चुकी हैं और लगभग चार लाख 72 हजार 811 बच्चों को कवर करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की टीमें, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा वर्कर एवं स्कूल स्टाफ मिलकर कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि यदि किसी कारणवश कोई बच्चा 21 अप्रैल को दवाई लेने से वंचित रह जाता है तो उसके लिए मॉपअप दिवस 28 अप्रैल निर्धारित किया गया है। इस दौरान बैठक मे डिप्टी सीएमओ डा. पाले राम कटारिया, डा. देवेन्द्र बिंदलिश, डा. दिनेश गुप्ता, डा. सुनील सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



जींद। बैठक में भाग लेते हुए स्वास्थ्य अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### 4.35 लाख को खिलाई जाएगी दवा

**कैथल।** एडीसी डॉ. सुशील मलिक ने कहा कि इस बार राष्ट्रीय कृमिनाशक दिवस 21 अप्रैल को मनाया जाएगा। इसके तहत एक से 19 वर्ष तक के बच्चों और किशोरों तथा 20 से 24 वर्ष की महिलाओं को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जाएगी। इस वर्ष जिले में लगभग 4.35 लाख बच्चों और किशोरों को कृमि मुक्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। एडीसी सुशील कुमार ने लघु सचिवालय के सभागार में राष्ट्रीय कृमिनाशक दिवस के सफल आयोजन को लेकर जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे।